24BHL5201T Printed Pages : 4

End Term Examination 2025 (Vasant)

B.A. Semester - II

HINDI LITERATURE (MAJOR)

(कथा साहित्य-हिन्दी कहानी एवं उपन्यास)

Time Allowed : Three Hours

Max./Min. Marks : 100/40

निर्देश- (i) परीक्षार्थी को सभी प्रश्नों के उत्तर, मुख्य उत्तरपुस्तिका मे देने होंगे। कोई भी पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जायेगी।

(ii) एक प्रश्न या उसके सभी भागों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में एक साथ ही दिया जायेगा।

(iii) इस प्रश्न-पत्र मे तीन खण्ड हैं :

(अ) प्रथम खण्ड में दस लघुत्तरात्मक प्रश्न हैं। उत्तर एक या दो लाइन में दीजिए एवं प्रत्येक प्रश्न 02 अंकों का है। सभी प्रश्नों को करना अनिवाय है। [10×02=20]

(ब) द्वितीय खण्ड में आठ प्रश्न हैं, जिसमें से प्रत्येक खण्ड में न्यूनतम एक प्रश्न का चयन करते हुए कुल चार प्रश्न करने हैं। उत्तरों की शब्द सीमा 200 शब्दों की होगी [4×10=40]

(स) तृतीय खण्ड में चार दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न हैं, किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर देना है, जिनकी शब्द-सीमा 400 शब्दों की है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंकों के हैं। [2×20=40]

kukupapers.com

प्रथम खण्ड

[10×02=20]

1. सभी प्रश्न करना अनिवार्य है। प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।

(क) 'नई कहानी' आन्दोलन के प्रवर्तक कहानीकारों के नाम लिखिए।

(ख) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी का प्रथम मौलिक उपन्यास किसे माना है?

(ग) 'मैला आँचल' उपन्यास के लेखक का नाम लिखिए।

(घ) 'हार की जीत' कहानी का मूल सन्देश क्या है?

(ङ) 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी किस वर्ष प्रकाशित हुई?

(च) लाहना सिंह के चरित्र की दो विशेषताएं बताइए।

(छ) जैनेंद्र कुमार की कहानियाँ किस श्रेणी में आती हैं?

(ज) 'चीफ की दावत' कहानी का मुख्य विषय क्या है?

(झ) 'आपका बंटी' उपन्यास के आधार पर शकुन के व्यक्तित्व की दो विशेषताएं बताइए।

(ञ) मन्नू भंडारी के उपन्यासों के नाम लिखिए।

द्वितीय खण्ड

[4×10=40]

2. हिन्दी कहानी के विभिन्न आन्दोलनों पर चर्चा कीजिए।

अथवा

3. भारतीय उपन्यास की अवधारणा पर प्रकाश डालिए।

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए-

बुधगुप्त! मेरे लिए सब भूमि मिट्टी है, सब जल तरल है, सब पवन शीतल है। कोई विशेष आकांक्षा हृदय में अग्नि के समान प्रज्वलित नहीं। सब मिलाकर मेरे लिए एक शून्य है। प्रिय नाविक! तुम स्वदेश लौट जाओ, विभवों का सुख भोगने के लिए और मुझे, छोड़ दो इन निरीह भोले-भाले प्राणियों के दुःख की सहानुभूति और सेवा के लिए।

kukupapers.com

अथवा

5. जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से बहुत-कुछ अच्छी न थी और किसानों के मुकाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज्यादा सम्पन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी।

6. **सप्रसंग व्याख्या कीजिए :**

मेरे मन में उस समय तरह-तरह के सिद्धान्त आए। मैंने स्थिर किया कि अपराध के प्रति करुणा ही होनी चाहिए, रोष का अधिकार नहीं है। प्रेम से ही अपराध-वृत्ति को जीता जा सकता है। आतंक से उसे दबाना ठीक नहीं है। बालक का स्वभाव कोमल होता है और सदा ही उससे स्नेह का व्यवहार करना चाहिए।

अथवा

7. गजाधर बाबू बैठे हुए पत्नी को देखते रह गये। यही थी क्या उनकी पत्नी, जिसके हाथों के कोमल स्पर्श, जिसकी मुस्कान की याद में उन्होंने सम्पूर्ण जीवन काट दिया था? उन्हें लगा कि वह लावण्यमयी युवती जीवन की राह में कहीं खो गयी और उसकी जगह आज जो स्त्री है, वह उनके मन और प्राणों के लिए नितांत अपरिचित है।

8. सप्रसंग व्याख्या कीजिए :-

सामने वाले को पराजित करने के लिए जैसा सायास और सन्नद्ध जीवन उसे जीना पड़ा उसने उसे खुद ही पराजित कर दिया। सामने वाला व्यक्ति तो पता नहीं कब परिदृश्य से हट भी गया और वह आज तक उसी मुद्रा में, उसी स्थिति में खड़ी है- साँस रोके, दम साधे, घुटी-घुटी और कृत्रिम!

अथवा

9. बंटी उसके जीवन का अभिन्न अंश है, उसका अपना अंश। उसके जाने का दुख भी उसका अपना है और उसे भेजकर यदि उसने कुछ गलत किया तो वह गलती भी उतनी ही उसकी अपनी है। इस सबको न वह किसी के साथ शेयर कर सकती है, न किसी और के कंधों पर डालकर उस सबसे मुक्त हो सकती है।

तृतीय खण्ड

निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [2×20=40]

10. "प्रेमचन्द्र के पश्चात् हिन्दी उपन्यास की विविध धाराएं अनेक दिशाओं में प्रवाहित हुईं" इस कथन के आधार पर प्रेमचंदोत्तर हिन्दी उपन्यास पर लेख लिखिए।

kukupapers.com

11. 'कफन' कहानी की मूल संवेदना पर विचार कीजिए।

12. कहानी के तत्त्वों के आधार पर 'कोसी का घटवार' कहानी की समीक्षा कीजिए।

13. 'आपका बंटी' उपन्यास की मूल समस्या पर विचार कीजिए।

------ × ------

kukupapers.com